संसद सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 2014 : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; राज्य सभा के उप सभापति, प्रो. पी.जे.कुरियन और लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तम्बिदुरै ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्य; और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा के महासचिव श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसम्बर, 1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण किया था।